Hindi | हिन्दी

# बाल संरक्षण और सुरक्षा नीति

बच्चों के अधिकारों की वकालत करना

## सामग्री

1 उद्देश्य .......... 3
2 स्कोप (सीमा) .......... 3
3 प्रतिबद्धता का बयान .......... 3
4 जिम्मेदारियां .......... 8
5 परिभाषाएं .......... 9
6 सहायक दस्तावेज़ .......... 10
7 नीति समीक्षा .......... 11
8 संबंधित स्रोत अभिस्वीकृति .......... 11
9 विधान .......... 12

## चेतावनी:

हम अपने समाज में बाल शोषण और उपेक्षा के जोखिम को समझते हैं। इस दस्तावेज़ के विषय-वस्तु में बाल शोषण और उपेक्षा से जुड़ी जानकारी शामिल है जिनसे तनाव पैदा कराने वाली भावनाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। यदि आपको किसी से बात करने की आवश्यकता है, तो यह सुझाव दिया जाता है कि आप अपने जीपी (डॉक्टर) से संपर्क करें या टीम के सदस्य G8 Education द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले नि:शुल्क कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (Employee Assistance Program, EAP) का उपयोग कर सकते हैं।

## 1 उद्देश्य

यह नीति बाल संरक्षण और सुरक्षा के लिए हमारी सामूहिक, संगठनात्मक प्रतिबद्धता को परिभाषित करती है। यह G8 Education द्वारा रोज़गार-प्राप्त टीम के सभी सदस्यों, छात्रों और ठेकेदारों (कांट्रेक्टरों) की जिम्मेदारियों और दायित्वों की स्पष्ट रूप से व्याख्या करती है।

यह नीति वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक कानून के अलावा बाल सुरक्षा संगठनों के लिए राष्ट्रीय सिद्धांतों, और पूरे न्यू साउथ वेल्स, विक्टोरिया, क्वींसलैंड और ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी) में राज्य-आधारित आवश्यकताओं के कार्यान्वयन हेतु हमारे दृष्टिकोण के लिए ढांचा (फ्रेमवर्क) प्रदान करती है।

## 2 स्कोप (सीमा)

यह नीति संगठन के सभी क्षेत्रों में G8 Education टीम के सभी सदस्यों, स्वयंसेवकों और ठेकेदारों (कांट्रेक्टरों) पर लागू होती है, भले ही वे बच्चों या युवा लोगों के सीधे संपर्क में काम करते हों या नहीं।

## 3 प्रतिबद्धता का बयान

G8 Education में, अपने नेटवर्क के आकार और जिन समुदायों में हम संचालन करते हैं उनकी व्यापकता के कारण, हम ऑस्ट्रेलिया में बाल संरक्षण और सुरक्षा के लिए पर्याप्त सामाजिक योगदान देने की अपनी क्षमता को पहचानते हैं।

हम ऐसे बाल सुरक्षित परिवेश प्रदान करके बच्चों की सुरक्षा, हिफ़ाज़त और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ सभी बच्चों का सम्मान किया जाता है, उनकी कदर की जाती है और उनके संपूर्ण सामर्थ्य तक पहुँचने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

हमारी शिक्षा और देखभाल के अधीन आने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए, हम बाल शोषण और उपेक्षा के लिए शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाते हैं और हम बाल सुरक्षा संगठन बन रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम एक ऐसी बाल सुरक्षा संस्कृति का नेतृत्व करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को समझते हैं जो टीम के सदस्यों को अपनी आवाज़ उठाने और बाल शोषण तथा उपेक्षा से जुड़ी गोपनीयता को मिटाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**G8 Education में बाल सुरक्षा संस्कृति को प्रभावी ढंग से स्थापित करने के लिए, हम निम्नलिखित तरीकों से राष्ट्रीय सिद्धांतों और बाल सुरक्षा मानकों को लागू करते हैं:**

### बाल सुरक्षा और भलाई को नेतृत्व, शासन और संस्कृति में स्थापित किया जाता है।

G8 Education पर सभी की बाल शोषण और उपेक्षा की घटनाओं और आरोपों की पहचान करने, उनपर प्रतिक्रिया देने, उन्हें संदर्भित करने और उनपर अनुवर्ती कार्रवाई करने से जुड़ी भूमिका है। टीम के सभी सदस्यों और ठेकेदारों (कांट्रेक्टरों) से रोल मॉडल (प्रेरणास्रोत) बनने और बाल सुरक्षा संस्कृति की मिसाल कायम करने की उम्मीद की जाती है।

हम निम्नलिखित के द्वारा नेतृत्व, शासन और संस्कृति में बाल सुरक्षा और भलाई को स्थापित किया जाना सक्षम करते हैं:

- स्पष्ट बाल सुरक्षित नीतियों और प्रक्रियाओं का होना, जैसे कि हमारी आचार संहिता, बाल सुरक्षा पर्यावरण नीति और बाल संरक्षण और सुरक्षा अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका)।
- ऐसी जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं का होना जो बच्चों के लिए जोखिमों की रोकथाम तथा पहचान करने और उन्हें कम करने पर ध्यान केंद्रित करती हैं।
- हमारे अभ्यास को सूचित करने के लिए बाल सुरक्षा से संबंधित विशेषज्ञों से परामर्श करना।
- बाल शोषण और उपेक्षा के लिए शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाना।
- टीम के सभी सदस्यों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान करना, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि वे सूचना साझा करने और रिकॉर्ड रखने के संबंध में अपने दायित्वों को समझते हैं।

## बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में सूचित किया जाता है, वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है।

G8 Education पर, हम जो कुछ भी करते हैं उसमें बच्चों को सर्वप्रथम ध्यान में रखा जाता है और इस तरह, पूरे संगठन में बच्चों के सशक्तिकरण और भागीदारी को सुविधाजनक बनाना सबसे महत्वपूर्ण है। हम उम्मीद करते हैं कि टीम के सभी सदस्य सभी बच्चों के साथ सम्मान, गरिमा और समझबूझ के साथ व्यवहार करें, यह स्वीकार करते हुए कि बच्चों को सुरक्षित रहने और उन्हें प्रभावित करने वाले मामलों में अपनी बात रखने का अधिकार है।

हम बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में सूचित करने, उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेने और उन्हें गंभीरता से लिए जाने में सक्षम बनाते हैं:

- बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षित वातावरण, सुरक्षित रहने के लिए सुरक्षात्मक कार्यनीतियों और जरूरत पड़ने पर मदद मांगने के बारे में शिक्षित करने और उनसे जुड़ने के लिए कार्यक्रम और संसाधन प्रदान करना।
- टीम के सदस्यों को जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें बच्चों के साथ सकारात्मक रूप से संलग्नता करने और अभ्यास करने के लिए बाल अधिकार-आधारित दृष्टिकोणों को समझने के लिए उचित रूप से कौशल प्राप्त है।
- निर्णय लेने में बच्चों की भागीदारी को प्रोत्साहित करें, विशेष रूप से सुरक्षा और भलाई के मुद्दों के बारे में।
- बच्चों की भागीदारी के अवसरों की नियमित समीक्षा करने और प्रासंगिक गतिविधियों के लिए बच्चों की सहमति लेने के लिए प्रक्रियाओं का होना।

## परिवारों और समुदायों को बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में सूचित किया जाता है तथा शामिल किया जाता है।

हम परिवारों द्वारा उनके बच्चे/(चों) के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं और माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं को सक्रिय रूप से शामिल करते हैं। हम बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में परिवारों और समुदायों को सूचित करते हैं।

हम निम्नलिखित के द्वारा परिवारों और समुदायों को बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में सूचित और शामिल करने में सक्षम बनाते हैं:

- साझेदारियों और परिवारों और समुदायों के साथ सम्मानजनक संबंधों के माध्यम से सांस्कृतिक सुरक्षा और समावेशन का निर्माण करना।
- हमारी सभी नीतियों और प्रक्रियाओं को QR कोड के माध्यम से परिवारों और समुदाय के लिए आसानी से सुलभ बनाना, और प्रासंगिक बाल सुरक्षा दस्तावेज हमारी व्यक्तिगत ब्रांड वेबसाइट्स के माध्यम से सुलभ हैं।
- नियमित नीति और प्रक्रिया समीक्षा प्रक्रियाओं के माध्यम से बाल सुरक्षा और भलाई के लिए G8 Education के दृष्टिकोण के बारे में परिवारों और समुदायों से नियमित रूप से जानकारी प्राप्त करना।
- प्रासंगिक गतिविधियों के लिए माता-पिता/देखभालकर्ता की सहमति प्राप्त करना।
- सर्वेक्षण जारी करने जैसे फीडबैक देने के अन्य अवसर प्रदान करने के अलावा, माता-पिता, परिवारों और समुदाय के सदस्यों के लिए हमारी व्यक्तिगत ब्रांड वेबसाइट्स के माध्यम से किसी भी समय फीडबैक (प्रतिक्रिया) प्रदान करने के लिए फीडबैक फॉर्म का उपलब्ध होना।

## नीति और व्यवहार में समानता को बरकरार रखा जाता है और विविध आवश्यकताओं का सम्मान किया जाता है।

G8 Education पर, हम ऐसे समावेशी कार्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सभी बच्चों को अपनेपन की भावना महसूस करने की अनुमति देता है, जिससे बच्चे खुद को, अपनी संस्कृतियों, जातीयताओं, भाषाओं, पारिवारिक संरचनाओं, आध्यात्मिकता, लिंग, कामुकता और विकासात्मक क्षमताओं को संसाधनों, शिक्षाशास्त्र और परिवेशों के विकल्प में दर्शाया जाना देखते हैं।

हम नीति तथा प्रक्रिया में विविध आवश्यकताओं का सम्मान करके निम्नलिखित के द्वारा समानता को बनाए रखना सक्षम बनाते हैं:

- सुलभता, भेदभाव-विरोधी, सांस्कृतिक सुरक्षा, विविधता और समावेशन के संबंध में नीतियों को लागू करना।
- नस्लवाद (रेसिज़्म) और भेदभाव के लिए शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाना।
- सभी बच्चों के लिए सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए, भेदभाव और बहिष्कार का मुकाबला करने के लिए पूरे संगठन में सभी स्तरों पर उपयोग की जाने वाली पारदर्शी कार्यनीतियों को परिभाषित करना।
- विविध पृष्ठभूमियों और ज़रूरतों वाले बच्चों की पहचान करने और उनपर प्रतिक्रिया करने के लिए टीम के सदस्यों का समर्थन करना।
- विकलांग बच्चों, सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध पृष्ठभूमियों वाले बच्चों, घर पर रहने में असमर्थ बच्चों, और लेस्बियन (समलैंगिक महिला), गे (समलैंगिक पुरूष), बाइसेक्सुअल (उभयलिंगी), ट्रांसजेंडर और इंटरसेक्स (मध्यलिंगी) बच्चों की किसी भी अतिरिक्त जरूरतों को संबोधित करना।
- G8 Education की सुलह कार्यवाही योजना (Reconciliation Action Plan, RAP) में उल्लिखित अर्थपूर्ण सुलह कार्रवाई करना।
- सहायता और शिकायत प्रक्रिया के बारे में बच्चों को सुलभ, बच्चों के लिए सुरक्षित तथा सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित जानकारी प्रदान करना।
- पोषणपूर्ण और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर के बच्चे अपने मूल रूप में सामने आने और अपनी संस्कृति को व्यक्त करने के लिए सुरक्षित और समर्थित महसूस करते हैं, जिससे उनकी स्वयं की और पहचान की भावना को बढ़ावा मिलता है।
- एक ऐसा क्षमताएँ-आधारित दृष्टिकोण अपनाकर जो इस ज्ञान का सम्मान और कदर करता कि एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर परिवार और समुदाय अपने बच्चों को सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।
- बच्चों, परिवारों और समुदायों की विविधता को अपनाना और उसका जश्न मनाना, और ऐसा सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और प्रभावी कार्यक्रम प्रदान करके, तथा इस बात को स्वीकार करके किया जाता है कि सभी बच्चों को सुरक्षित रहने के समान अधिकार हैं चाहे वे किसी भी लिंग या जाति के हों, वे किसी भी धार्मिक विचारधारा को मानते हों, वे किसी भी आयु के हों, उनकी जरूरतों कोई भी हों, वे किसी भी यौन रूझान या पारिवारिक, सामाजिक या सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के हों।
- विविधता और अंतर की व्यापक और तरल अवधारणाओं की पहचान करने वाले बच्चों और परिवारों द्वारा अनुभव किए जाने वाले अन्यायों को सुदृढ़ करने के बजाय कम करने की प्रतिबद्धता।

## बच्चों और युवाओं के साथ काम करने वाले लोग व्यवहार में बाल सुरक्षा और भलाई की मान्यताओं को दर्शाने के लिए उपयुक्त और समर्थित हैं।

G8 Education की एक समर्पित प्रतिभा टीम है जो पूरे संगठन से उपयुक्त आवेदकों को स्रोत और भर्ती करती है। हमारी प्रतिभा अधिग्रहण प्रक्रिया (Talent Acquisition Procedure) केंद्रों के भीतर बाल सुरक्षा संस्कृति को बनाए रखने के संबंध में भर्ती के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश निर्धारित करती है, यह सुनिश्चित करके कि भर्ती करने वाली टीम के सभी सदस्य बाल सुरक्षा भर्ती से जुड़े सिद्धांतों का पालन करते हैं।

हम निम्नलिखित के द्वारा टीम के सदस्यों को उपयुक्त और समर्थित होने में सक्षम बनाते हैं:

- पूर्व-रोजगार स्क्रीनिंग (जांच), रेफरी चेक और ड्यूटी स्टेटमेंट पूरा करना।
- यह सुनिश्चित करना कि ऐसी प्रणालियाँ मौजूद हैं जो यह सुनिश्चित करती हैं कि टीम के सभी सदस्यों के पास वर्तमान वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक्स (बच्चों के साथ काम करने की जांच दस्तावेज़) हैं।
- टीम के सभी सदस्यों और एजेंसी टीम को बाल सुरक्षा और भलाई से जुड़ी उनकी जिम्मेदारियों, हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं, बाहरी रिपोर्टिंग दायित्वों और आचार संहिता से संबंधित इंडक्शन (प्रेरण) और निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करना।

- टीम के सदस्यों के लिए निरंतर पर्यवेक्षण, समर्थन और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए नीतियों और कार्यनीतियों का होना।
- संरचित और अनौपचारिक संचार तथा संलग्नता गतिविधियों के माध्यम से हमारी बाल सुरक्षा संस्कृति में लगातार सुधार करना।

## शिकायतों और चिंताओं का जवाब देने की प्रक्रियाएं बाल केंद्रित हैं।

G8 Education की एक बाल-केंद्रित शिकायत प्रबंधन प्रणाली है जो टीम के सभी सदस्यों, ठेकेदारों (कांट्रेक्टरों), परिवारों और जनता के सदस्यों के लिए सुलभ है, जिसे शिकायतों और उलाहनों से निपटने की नीति और माता-पिता की शिकायत/उलाहना प्रक्रिया के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

हम निम्नलिखित द्वारा यह सुनिश्चित करते हैं कि शिकायतों और चिंताओं का जवाब देने की हमारी प्रक्रिया बाल-केंद्रित है:

- बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हुए बच्चों को होने वाले नुकसान या दुर्व्यवहार की शिकायतों या बाल प्रकटीकरणों को प्राप्त करने, उन पर प्रतिक्रिया करने और उनकी जांच करने के लिए सुलभ नीतियां का होना।
- उन चिंताओं या शिकायतों पर प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देना जहाँ किसी बच्चे को दूसरे बच्चे द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता है।
- बाहरी प्राधिकारियों को रिपोर्ट करने, रिकॉर्ड रखने और जानकारी साझा करने के लिए प्रक्रियाओं का होना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि G8 Education रिपोर्टिंग आवश्यकताओं, रोजगार कानून और गोपनीयता दायित्वों को पूरा करता है।
- दुर्व्यवहार या उपेक्षा का खुलासा करने वाले बच्चों को जवाब देते समय टीम के सदस्यों को शिकायत प्रक्रिया, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, और रिपोर्टिंग तथा गोपनीयता से जुड़े दायित्वों से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करना।

## टीम के सदस्य और स्वयंसेवक जारी शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं।

G8 Education की सभी टीमों के सदस्यों को राष्ट्रीय कानून और विनियमों के r84 और s162a के अनुसार अनिवार्य बाल सुरक्षा प्रशिक्षण में नामांकित किया जाता है। प्रशिक्षण इंडक्शन (प्रेरण) के उपरांत पूरा किया जाता है और उसके बाद वार्षिक रूप से इसे पूरा किया जाता है। प्रशिक्षण शिक्षार्थियों को सभी प्रकार के बाल शोषण और उपेक्षा की पहचान करने, उसपर प्रतिक्रिया करने, उसे संदर्भित करने और अनुवर्ती कार्रवाई करने का ज्ञान प्रदान करता है। यह G8 Education की व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं को भी शामिल करता है और शिक्षार्थियों को उनके अनिवार्य रिपोर्टिंग दायित्वों के बारे में स्पष्ट रूप से सूचित करता है।

टीम के सदस्य और स्वयंसेवक निम्नलिखित द्वारा बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं:

- टीम के सदस्यों के लिए निम्नलिखित के संबंध में समय-समय पर प्रशिक्षण और जानकारी प्रदान करना:
    - प्रासंगिक सुरक्षा और भलाई नीतियाँ
    - बच्चों के अधिकार
    - बाल विकास
    - नुकसान या दुर्व्यवहार के संकेतों की पहचान करना
    - प्रकटीकरणों का जवाब देना
    - एक बच्चे द्वारा दूसरे बच्चे के प्रति हानिकारक व्यवहार को समझना और उसपर प्रतिक्रिया करना
    - रिकॉर्ड रखने से जुड़े दायित्व
    - जोखिम आकलन
    - बाहरी रिपोर्टिंग दायित्व
    - सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित परिवेशों का निर्माण करना

- यह सुनिश्चित करते हुए कि टीम के सदस्य और स्वयंसेवक जो बच्चों को नुकसान या जोखिम का खुलासा करते हैं, उन्हें उचित रूप से समर्थन दिया जाता है।

## भौतिक और ऑनलाइन वातावरण बच्चों और युवाओं को नुकसान पहुंचाने के अवसर को कम करते हुए सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं।

G8 Education के भीतर भौतिक और ऑनलाइन परिवेश सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं, जिनका समर्थन पूरी तरह से किए जाने वाले जोखिम आकलनों द्वारा किया जाता है जिन्हें बच्चों और युवाओं को हो सकने वाले नुकसान की पहचान करने और इन्हें कम करने के लिए पूरा किया जाता है।

बाल सुरक्षा परिवेश नीति, अनुमोदित प्रदाता, नामित पर्यवेक्षकों और पूरे संगठन में टीम के सदस्यों की विभिन्न जिम्मेदारियों को दर्शाती है, ताकि बाल सुरक्षा परिवेशों का रखरखाव किया जा सके जिससे बच्चों और युवाओं को नुकसान पहुंचाए जाने का अवसर कम हो सके।

हमारे भौतिक और ऑनलाइन परिवेश निम्नलिखित के द्वारा सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं:

- बच्चे के निजता के अधिकार, जानकारी और सीखने के अवसरों तक पहुंच से समझौता किए बिना जोखिम को कम करने के लिए टीम के सदस्यों का समर्थन करना।
- आचार संहिता और बाल सुरक्षा परिवेश नीति के साथ संरेखित टीम के सदस्यों के ऑनलाइन परिवेश के प्रयोग का प्रबंध करना।
- यह सुनिश्चित करना कि केंद्रों पर आने वाले आगंतुकों को उचित रूप से लॉग इन और पर्यवेक्षित किया जाता है।
- तृतीय पक्षों को अनुबंध पर रखते समय बाल सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत खरीद नीतियों का होना।
- बच्चों के पर्यवेक्षण का समर्थन करने और बच्चों की गोपनीयता का सम्मान करने के लिए स्थान डिज़ाइन करना।

## राष्ट्रीय बाल सुरक्षा सिद्धांतों और राज्य विशिष्ट बाल सुरक्षित मानकों के कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और उनमें सुधार किया जाता है।

G8 Education कम से कम वार्षिक आधार पर बाल सुरक्षा संगठनों के लिए राष्ट्रीय सिद्धांतों और राज्य विशिष्ट बाल सुरक्षित मानकों के कार्यान्वयन और स्थापन की समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, बाल सुरक्षा और भलाई के संबंध में किसी भी शिकायत या प्रणालीगत विफलताओं का विश्लेषण पूरे संगठन में निरंतर सुधार को सूचित करने के लिए किया जाएगा।

## नीतियाँ और प्रक्रियाएँ इस बात को दस्तावेज़ी रूप देती हैं कि G8 Education बच्चों और युवाओं के लिए कैसे सुरक्षित है।

G8 Education यह सुनिश्चित करता है कि सभी बाल संरक्षण दस्तावेज़ ऐसी भाषा और प्रारूप में आसानी से उपलब्ध हों, जो समझने में आसान हों, सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित हों और हितधारक परामर्श द्वारा सूचित हों।

हमारी नीतियों और प्रक्रियाओं में परिवर्तनों के बारे में परिवारों को 14 दिनों के भीतर सूचित करने के लिए प्रक्रियाएँ मौजूद हैं, और परिवारों को फ़ीडबैक प्रदान करने के अवसर दिए जाते हैं, जिनकी समीक्षा की जाती है और जहाँ उपयुक्त हो, कार्रवाई की जाती है।

हमारे पास आचार-संहिता, बाल संरक्षण और सुरक्षा अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका) और एक बाल सुरक्षा केंद्र जोखिम मूल्यांकन है जो निम्नलिखित से सम्बन्धित प्रक्रियाओं का समर्थन करते हैं:

- रिकॉर्ड रखना
- जानकारी साझा करना
- बाहरी रिपोर्टिंग दायित्व
- अपेक्षित व्यवहार और बातचीत

## 4 जिम्मेदारियां

बच्चे सर्वप्रथम हैं और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाता है। हम उम्मीद करते हैं कि टीम के सदस्य सभी बच्चों के साथ सम्मान, गरिमा और समझबूझ से बर्ताव करें। सभी कार्रवाइयां और बातचीत बच्चे के सर्वोत्तम हित में होनी चाहिए और बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुरूप होनी चाहिए। G8 Education टीम के सदस्यों से अपेक्षित व्यवहार का विवरण आचार संहिता में दिया गया है।

**G8 Education का बोर्ड निम्नलिखित काम करेगा:**

- G8 Education की जोखिम प्रोफ़ाइल की निगरानी करना और सुनिश्चित करना कि न्यूनीकरण कार्यनीतियाँ किसी भी गंभीर घटना, संदेह या आरोप के प्रबंधन और कुशलता से इस पर प्रतिक्रिया करने में प्रभावी हैं।
- यह सुनिश्चित करना कि बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा की पहचान और रोकथाम के लिए उचित और प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां मौजूद हैं।
- यह सुनिश्चित करना कि अपेक्षित व्यवहार को परिभाषित करने और बातचीत का मार्गदर्शन करने के लिए आचार-संहिता सहित उचित नीतियाँ और प्रक्रियाएँ स्थापित हैं।

**हमारी लीडरशिप (नेतृत्व) टीम निम्नलिखित काम करेगी:**

- खुलेपन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक सक्रिय नेतृत्व दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।
- बाल दुर्व्यवहार, उपेक्षा और संवारने के संदेह, आरोप या प्रकटीकरण को पहचानने और उसका जवाब देने के लिए प्रेरण, प्रशिक्षण और निरंतर जानकारी प्रदान करना।
- सभी टीम के सदस्यों, बच्चों और परिवारों को बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा संकेतकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित जानकारी प्रदान करना, जिसमें हस्तक्षेप के लिए एक प्रमुख संकेतक के रूप में व्यवहार को तैयार करना शामिल है।
- यह सुनिश्चित करना कि बच्चों और उनकी जानकारी की सुरक्षा के लिए हमारी सूचना प्रबंधन प्रणालियां और प्रथाएं सुरक्षित हैं।
- किसी भी अनुचित व्यवहार या संदिग्ध अपमानजनक गतिविधियों की रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करना।
- उनके उत्तरदायित्व के क्षेत्र में होने वाले दुर्व्यवहार के प्रकारों से परिचित रहना और इस तरह के आचरण के किन्हीं भी संकेतों के लिए सतर्क रहना।

**केंद्र प्रबंधक निम्नलिखित काम करेंगे:**

- बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण और एक सुरक्षात्मक संस्कृति का निर्माण करना जो बाल सुरक्षा पर खुलकर चर्चा करे, गोपनीयता को दूर करे और बच्चों को खुलासा करने के अवसर प्रदान करे।
- आचार संहिता का पालन करना और उसे लागू करना।
- इस बाल संरक्षण और सुरक्षा नीति, बाल संरक्षण और सुरक्षा अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका) और सभी संबंधित दस्तावेजों के कार्यान्वयन का नेतृत्व करना। टीम के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता करने के लिए शिक्षा और सलाह प्रदान करना।
- दुर्व्यवहार के उचित आधार पर किसी भी संदेह सहित चिंता, कदाचार या आपराधिक कृत्यों के किन्हीं भी व्यवहारों के लिए सतर्कता बनाए रखना और उनका जवाब देना।
- यह सुनिश्चित करना कि भर्ती प्रक्रिया का पालन किया जाता है ताकि केंद्र में केवल उपयुक्त योग्य लोग ही कार्यरत हों।
- घटना प्रबंधन और जांच प्रक्रियाओं का पालन करना और टीम के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता करने के लिए शिक्षा और सलाह प्रदान करना।
- बच्चों पर पर्याप्त आवश्यक पर्यवेक्षण हमेशा बना रहता है, यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र में अनुपातों पर नज़र रखना।

- बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए किसी भी जोखिम की पहचान करने और उसका प्रबंधन करने के लिए केंद्र जोखिम आकलन का संचालन और समीक्षा करना।
- संबंधित बाहरी बाल संरक्षण अधिकारियों के साथ संबंध बनाए रखना और बाल संरक्षण आदेश के तहत आने वाले बच्चों के लिए केस कॉन्फ्रेंस में शामिल होना।
- कमजोर बच्चों की सहायता करना और धन के स्रोतों की पहचान करना ताकि अधिक सहायता प्रदान की जा सके।

**हमारी टीम के सदस्य निम्नलिखित करेंगे:**

- G8 Education के मूल मूल्यों और व्यवहारिक दक्षताओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना।
- ऐसा वातावरण प्रदान करना जो बच्चों की सभी भावनाओं और शारीरिक सुरक्षा का समर्थन करता हो।
- आचार-संहिता के माध्यम से खुद को और टीम के अन्य सदस्यों को जवाबदेह ठहराना और संहिता के किसी भी उल्लंघन की रिपोर्ट करने में सतर्क रहना।
- आशय की घोषणा पर हस्ताक्षर करके आचार-संहिता को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता को सत्यापित करना।
- किसी भी बाल संरक्षण और सुरक्षा घटना या शिकायत की पहचान करने, उसपर प्रतिक्रिया करने, उसे संदर्भित करने और उसका पालन करने के लिए चौकस रहना और सतर्कता बनाए रखना।
- उचित आधार पर किए गए किसी भी संदेह की रिपोर्ट प्रासंगिक प्राधिकारियों (जैसे पुलिस और/या राज्य-आधारित बाल संरक्षण [चाइल्ड प्रोटेक्शन] सेवा) को करना कि बच्चे की सुरक्षा जोखिम में है, अनिवार्य रिपोर्टर्स के रूप में उनके दायित्वों को पूरा करना और बाल संरक्षण और सुरक्षा अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका) में शामिल रिपोर्टिंग मानकों को लागू करना।
- हमारे आदिवासी (एबोरिजनल) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर बच्चों, सांस्कृतिक, भाषाई या विविध पृष्ठभूमि के बच्चों और विकलांगता वाले बच्चों के लिए अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए समावेशिता और स्वीकृति के सांस्कृतिक सुरक्षा सिद्धांतों को शामिल करना।
- खुद को बाल संरक्षण और सुरक्षा के संबंध में प्रासंगिक राष्ट्रीय और राज्य कानून, G8 Education नीति, प्रक्रियाओं और आचार-संहिता से परिचित करना और सभी आवश्यकताओं का अनुपालन करना।
- हर समय गरिमा, निजता और गोपनीयता बनाए रखना।

## 5 परिभाषाएं

इस नीति के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित शब्दों का उपयोग किया जाता है:

| शब्द | परिभाषा |
|---|---|
| **बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा** | विश्व स्वास्थ्य संगठन बाल शोषण और उपेक्षा को "सभी प्रकार के शारीरिक और/या भावनात्मक दुर्व्यवहार, यौन शोषण, उपेक्षा या लापरवाही या वाणिज्यिक या अन्य शोषण, जिसके परिणामस्वरूप जिम्मेदारी, विश्वास या शक्ति के संबंध के संदर्भ में बच्चे के स्वास्थ्य, अस्तित्व, विकास या गरिमा को वास्तविक या संभावित नुकसान पहुँचता है" के तौर पर परिभाषित करता है। बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा के पाँच मुख्य उप-प्रकार हैं:<br>• शारीरिक दुर्व्यवहार/ हमला<br>• भावनात्मक दुर्व्यवहार/ बुरा बर्ताव<br>• उपेक्षा<br>• यौन शोषण<br>• पारिवारिक हिंसा के संपर्क में आना। |
| **बाल संरक्षण (चाइल्ड प्रोटेक्शन)** | का अर्थ हिंसा, शोषण, दुर्व्यवहार और उपेक्षा से बच्चों की सुरक्षा करना है। |
| **बाल संरक्षण रिपोर्टिंग मानक** | किसी भी उचित संदेह की अनिवार्य रिपोर्ट करना कि किसी बच्चे को नुकसान पहुँचाया गया है या उसकी उपेक्षा की गई है या उसे नुकसान या उपेक्षा का खतरा है। |

| | |
|---|---|
| **बाल सुरक्षा आचार-संहिता** | नियमों, सामाजिक मानदंडों और जिम्मेदारियों का एक संग्रह जिसमें यह शामिल है कि क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं या अपेक्षित व्यवहार या उचित अभ्यास और कंपनी की अपेक्षाएं क्या हैं। |
| **आचार संहिता** | नियमों, सामाजिक मानदंडों और जिम्मेदारियों का एक संग्रह जिसमें स्वीकार्य या गैर-स्वीकार्य या अपेक्षित व्यवहार या उचित अभ्यास और कंपनी की अपेक्षाएं शामिल हैं। |
| **सांस्कृतिक सुरक्षा** | एक सुरक्षित और मैत्रीपूर्ण वातावरण जहाँ बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए यह महसूस करते हैं कि उनका सम्मान, उनकी कदर और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। |
| **प्रकटीकरण** | किसी बात को ज्ञात करवाने की क्रिया। |
| **ग्रूमिंग** | एक वयस्क द्वारा यौन गतिविधि के लिए बच्चे को तैयार करने की कार्रवाई, अक्सर इसमें यौन गतिविधि के प्रति प्रगतिशील असंवेदनशीलता शामिल होती है (जैसे कि शारीरिक संपर्क में वृद्धि या यौन सामग्री और कृत्यों को दिखाना), बिना किसी की नज़र में आए एकसाथ अकेले रहने के अवसरों को ढूंढना, रिश्ते में गोपनीयता को प्रोत्साहित करना और/या बच्चे पर शक्ति और नियंत्रण का उपयोग करना जैसे कि धमकियों के माध्यम से, बल या अधिकार का उपयोग करके और बच्चे को अवांछित व्यवहार की रिपोर्ट करने से डरा कर। |
| **अनिवार्य रिपोर्टर्स** | ऐसे व्यक्ति जिनका कमजोर (अतिसंवेदनशील) लोगों के साथ नियमित संपर्क होता है और इसलिए कानूनी रूप से यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होती है कि दुर्व्यवहार देखे जाने या संदेह होने पर रिपोर्ट बनाई जाए। |
| **अनिवार्य रिपोर्टिंग** | सरकारी अधिकारियों को संदिग्ध बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा की रिपोर्ट करने के लिए लोगों के चयनित समूहों के लिए विधायी आवश्यकता। |
| **संरक्षण** | नुकसान, चोट, हानि से बचाव या ढाल। |
| **रिपोर्ट करने योग्य आचरण** | इसमें यौन अपराध (आपराधिक कार्यवाही शुरू होने से पहले भी), यौन दुराचार या बच्चे के साथ या उसकी उपस्थिति में की गई शारीरिक हिंसा, महत्वपूर्ण भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाने वाला व्यवहार, बच्चे की महत्वपूर्ण उपेक्षा शामिल है। |
| **टीम सदस्य** | साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास में शामिल लोगों के एक विशिष्ट समूह से संबंधित व्यक्ति। यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि इस पूरे दस्तावेज़ में, टीम के सदस्य के संदर्भ में स्वयंसेवक भी शामिल होंगे। |

## 6 सहायक दस्तावेज़

बाल सुरक्षा संगठन के संचालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करने और मार्गदर्शन करने के लिए नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ इस नीति का पालन करते हैं: कुछ सहायक दस्तावेज हमारे आंतरिक नेटवर्क के भीतर शामिल हैं और केंद्र टीम से इनका अनुरोध किया जा सकता है।

- बाल संरक्षण और सुरक्षा अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका)
- आचार-संहिता और बाल संरक्षण तथा सुरक्षा-उपाय दायित्व पोस्टर
- बाल संरक्षण FLAG पोस्टर
- शिकायतें और उलाहना नीति
- बाल सुरक्षा परिवेश नीति
- पर्यवेक्षण नीति
- कर्मचारी सहायता कार्यक्रम
- स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति
- जोखिम प्रबंधन नीति और ढांचा
- मुखबिर (व्हिसलब्लोअर) नीति
- बाल संरक्षण जोखिम मूल्यांकन दिशानिर्देश
- बाल संरक्षण रिपोर्ट फॉर्म
- चाइल्ड वेलबीइंग (बाल भलाई) फॉर्म

- इनटेक फॉर्म पर चोट
- राज्य आधारित अनिवार्य रिपोर्टिंग:
    - ACT बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
    - NSW बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
    - QLD बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
    - SA बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
    - VIC बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
    - WA बाल संरक्षण रिपोर्टिंग दायित्व
- अनिवार्य रिपोर्टिंग फॉर्म:
    - अनिवार्य रिपोर्टिंग पूछताछ प्रपत्र
    - चरण 1 – बाल संरक्षण प्रारंभिक अधिसूचना
    - चरण 2 — बाल संरक्षण जांच योजना
    - चरण 3 — बाल संरक्षण जांच रिपोर्ट
- आंतरिक जांच-पड़ताल प्रलेखन:
    - बाल संरक्षण जांच अभ्यास मैनुअल (कार्यपुस्तिका)
    - बाल संरक्षण जांच प्रक्रिया

## 7 नीति समीक्षा

केंद्र हर साल या नई जानकारी के सामने आने पर इस नीति और संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा करेगा। टीम के सदस्य और हमारे केंद्र परिवार नीति समीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक हितधारक हैं और उन्हें सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हमारे नीति समीक्षा सर्वेक्षण के माध्यम से फीडबैक (प्रतिक्रिया) प्रदान की जा सकती है।

## 8 संबंधित स्रोत अभिस्वीकृति

- https://childsafe.humanrights.gov.au/national-principles
- https://aifs.gov.au/cfca/publications/australian-child-protection-legislation
- https://www.ombudsman.act.gov.au/improving-the-act/reportable-conduct
- https://ocg.nsw.gov.au/organisations/reportable-conduct-scheme
- https://www.csyw.qld.gov.au/child-family/protecting-children
- https://www.childprotection.sa.gov.au/
- https://services.dhhs.vic.gov.au/child-protection
- https://www.dcp.wa.gov.au/Pages/Home.aspx

# 9 विधान

## राष्ट्रीय गुणवत्ता ढांचा (NQF)

| बच्चे (शिक्षा और देखभाल सेवाएं) राष्ट्रीय कानून | |
|---|---|
| S162A | बाल संरक्षण प्रशिक्षण के लिए दिन-प्रतिदिन के प्रभार वाले व्यक्ति और नामांकित पर्यवेक्षक |
| S165 | बच्चों का पर्यवेक्षण |
| S166 | अनुचित अनुशासन |
| S167 | बच्चों को नुकसान और खतरे से बचाना |
| **बच्चों (शिक्षा और देखभाल सेवाएं) राष्ट्रीय विनियम** | |
| R84 | बाल संरक्षण कानून के प्रति जागरूकता |
| R85-87 | घटनाएं, चोट, आघात, और बीमारी |
| R168 | शिक्षा और देखभाल सेवा में नीतियां और प्रक्रियाएँ होनी आवश्यक हैं |

## राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक (NQS)

| गुणवत्ता क्षेत्र 2: बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा | | |
|---|---|---|
| 2.2 | सुरक्षा | प्रत्येक बच्चे का सम्मान किया जाता है |
| 2.2.1 | पर्यवेक्षण | हर समय, उचित सावधानियां और पर्याप्त पर्यवेक्षण यह सुनिश्चित करते हैं कि बच्चे नुकसान और खतरे से सुरक्षित रहें |
| 2.2.2 | घटना और आपातकालीन प्रबंधन | घटनाओं और आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की योजनाएं संबंधित अधिकारियों के परामर्श से विकसित की जाती हैं, जिनका अभ्यास और कार्यान्वयन किया जाता है |
| 2.2.3 | बाल संरक्षण (चाइल्ड प्रोटेक्शन) | प्रबंधन, शिक्षक और कर्मचारी दुर्व्यवहार या उपेक्षा के जोखिम वाले हर बच्चे की पहचान करने और उसका जवाब देने के लिए अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से अवगत हैं |
| **गुणवत्ता क्षेत्र 4: स्टाफिंग (कर्मचारियों) की व्यवस्था** | | |
| 4.2 | व्यावसायिकता | प्रबंधन, शिक्षक और कर्मचारी सहयोगी, सम्मानजनक और नैतिक हैं |
| 4.2.2 | पेशेवर मानक | पेशेवर मानक अभ्यास, बातचीत और संबंधों का मार्गदर्शन करते हैं |
| **गुणवत्ता क्षेत्र 5: बच्चों के साथ संबंध** | | |
| 5.1.1 | बच्चों की बातचीत के लिए सकारात्मक शिक्षक | उत्तरदायी और सार्थक बातचीत भरोसेमंद रिश्ते बनाती है जो प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और शामिल महसूस करने के लिए संलग्न और समर्थन करती है |
| 5.1.2 | बच्चे की गरिमा और अधिकार | हर बच्चे की गरिमा और अधिकारों को बनाए रखा जाता है |
| 5.2.2 | स्व-नियमन | अपने स्वयं के व्यवहार को नियंत्रित करने, दूसरों के व्यवहार पर उचित प्रतिक्रिया देने और संघर्षों को हल करने के लिए प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए प्रत्येक बच्चे का समर्थन किया जाता है |
| **गुणवत्ता क्षेत्र 6: परिवारों और समुदायों के साथ सहयोगात्मक साझेदारी** | | |
| 6.2.2 | सुलभता और सहभागिता | प्रभावी साझेदारियां कार्यक्रम में बच्चों की पहुंच, समावेशन और भागीदारी का समर्थन करती हैं |
| **गुणवत्ता क्षेत्र 7: प्रशासन एवं नेतृत्व** | | |
| 7.1 | प्रशासन | प्रशासन गुणवत्ता सेवा के संचालन का समर्थन करता है |
| 7.1.2 | मैनेजमेंट सिस्टम्स (प्रबंधकीय प्रणालियाँ) | जोखिम का प्रबंधन करने और गुणवत्ता सेवा के प्रभावी प्रबंधन और संचालन को सक्षम करने के लिए प्रणालियां मौजूद हैं |
| 7.1.3 | भूमिकाएं और जिम्मेदारियां | भूमिकाएं और जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से परिभाषित और समझी जाती हैं और प्रभावी निर्णय लेने और सेवा के संचालन का समर्थन करती हैं |

| | | |
|---|---|---|
| 7.2.1 | निरंतर सुधार | एक प्रभावी स्व-मूल्यांकन और गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया लागू है |
| 7.2.3 | पेशेवरों का विकास | शिक्षकों, समन्वयकों और कर्मचारियों के सदस्यों के प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन किया जाता है, और सीखने और विकास का समर्थन करने के लिए व्यक्तिगत योजनाएँ लागू हैं |

## राज्य बाल संरक्षण कानून

| राज्य | विधान | विनियामक प्राधिकरण |
|---|---|---|
| **एसीटी (ACT)** | बाल और युवा लोग अधिनियम 1998 (एसीटी) | बाल और युवा सुरक्षा सेवाएं (CYPS) |
| | मानवाधिकार आयोग अधिनियम 2005 | बाल एवं युवा आयुक्त (CYPC) |
| | लोकपाल अधिनियम 1989 (एसीटी) | एसीटी लोकपाल |
| | अपराध अधिनियम 1900 (अधिनियम) | ACT पुलिसिंग/ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस |
| | दि वर्किंग विद वल्नेरेब्ल पीपल (पृष्ठभूमि की जाँच) अधिनियम 2011 (ACT) | वर्किंग विद वल्नेरेब्ल पीपल से जुड़ी अनुपालन टीम – Access Canberra |
| **एनएसडब्ल्यू (NSW)** | बच्चे और युवा व्यक्ति (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 1998 (NSW) | समुदाय और न्याय विभाग (Department of Communities and Justice, DCJ) |
| | बच्चों का अभिभावक अधिनियम 2019 (NSW) | बच्चों के अभिभावक का कार्यालय (OCG) |
| | अपराध अधिनियम 1900 (NSW) | न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल |
| | बाल संरक्षण (वर्किंग विद चिल्ड्रन एक्ट [बच्चों के साथ काम करना अधिनियम]) अधिनियम 2011 (NSW) | बच्चों के अभिभावक का कार्यालय (OCG) |
| **क्यूएलडी** | बाल संरक्षण अधिनियम 1999 (क्यूएलडी) | बाल सुरक्षा, वरिष्ठ और विकलांगता सेवाएँ विभाग<br>BlueCard सेवाएँ |
| | बाल सुरक्षा संगठन अधिनियम 2024 | क्वींसलैंड परिवार और बाल आयोग (QFCC) |
| | आपराधिक संहिता अधिनियम 1899 (QLD) | क्वींसलैंड पुलिस सेवा |
| **विक्टोरिया** | बाल, युवा और परिवार अधिनियम 2005 (विक्टोरिया) | स्वास्थ्य और मानव सेवाएँ विभाग (DHHS)<br>वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक विक्टोरिया - Service Victoria |
| | बाल कल्याण और सुरक्षा अधिनियम 2005 (VIC) (रिपोर्ट करने योग्य आचरण योजना) | बच्चों और युवाओं के लिए आयोग (CCYP) |
| | अपराध अधिनियम 1958 (VIC) | विक्टोरिया पुलिस |
| **एसए** | बाल और युवा लोग (सुरक्षा) अधिनियम 2017 (SA) | बाल संरक्षण विभाग |
| | बाल सुरक्षा (निषिद्ध व्यक्ति) अधिनियम 2016 | साउथ ऑस्ट्रेलिया स्क्रीनिंग यूनिट |
| | आपराधिक कानून समेकन अधिनियम 1935 (SA) | साउथ ऑस्ट्रेलिया पुलिस |
| **पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया** | बाल और सामुदायिक सेवा अधिनियम 2004 (वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया) | समुदाय विभाग |
| | संसदीय आयुक्त संशोधन (रिपोर्ट करने योग्य आचरण) अधिनियम 2022 (WA) | WA लोकपाल |
| | वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक (आपराधिक रिकॉर्ड की जाँच) अधिनियम 2004 (WA) | वर्किंग विद चिल्ड्रन चेक |

## बाल सुरक्षित संगठनों के लिए राष्ट्रीय सिद्धांत

| | |
|---|---|
| **सिद्धांत 1:** | बाल सुरक्षा संस्थागत नेतृत्व, शासन और संस्कृति में अंतर्निहित है। |
| **सिद्धांत 2:** | बच्चे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। |
| **सिद्धांत 3:** | परिवारों और समुदायों को सूचित किया जाता है और इसमें शामिल किया जाता है। |
| **सिद्धांत 4:** | निष्पक्षता को बरकरार रखा जाता है और विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाता है। |
| **सिद्धांत 5:** | बच्चों के साथ काम करने वाले लोग उपयुक्त और समर्थित हैं। |

| | |
|---|---|
| **सिद्धांत 6:** | बाल यौन शोषण की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देने की प्रक्रियाएँ बाल केंद्रित हैं। |
| **सिद्धांत 7:** | निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारी ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं। |
| **सिद्धांत 8:** | भौतिक और ऑनलाइन वातावरण दुर्व्यवहार होने के अवसर को कम करते हैं। |
| **सिद्धांत 9:** | बाल सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन की निरंतर समीक्षा और सुधार किया जाता है। |
| **सिद्धांत 10:** | नीतियां और प्रक्रियाएँ इस बात का दस्तावेजीकरण करती हैं कि संस्था बच्चों के लिए कैसे सुरक्षित है। |

## न्यू साउथ वेल्स बाल सुरक्षा मानक

| | |
|---|---|
| **मानक 1:** | बाल सुरक्षा संस्थागत नेतृत्व, शासन और संस्कृति में अंतर्निहित है। |
| **मानक 2:** | बच्चे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। |
| **मानक 3:** | परिवारों और समुदायों को सूचित किया जाता है और इसमें शामिल किया जाता है। |
| **मानक 4:** | निष्पक्षता को बरकरार रखा जाता है और विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाता है। |
| **मानक 5:** | बच्चों के साथ काम करने वाले लोग उपयुक्त और समर्थित हैं। |
| **मानक 6:** | बाल दुर्व्यवहार की शिकायतों पर प्रतिक्रिया देने की प्रक्रियाएँ बाल-केंद्रित हैं। |
| **मानक 7:** | निरंतर शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारी ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं। |
| **मानक 8:** | भौतिक और ऑनलाइन वातावरण दुर्व्यवहार होने के अवसर को कम करते हैं। |
| **मानक 9:** | बाल सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन की निरंतर समीक्षा और सुधार किया जाता है। |
| **मानक 10:** | नीतियां और प्रक्रियाएँ इस बात को दस्तावेज़ी रूप देती हैं कि संगठन बच्चों के लिए कैसे सुरक्षित है। |

## विक्टोरिया के बाल सुरक्षा मानक

| | |
|---|---|
| **मानक 1:** | संगठन एक सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित वातावरण स्थापित करते हैं जिसमें आदिवासी (एबोरिजनल) बच्चों और युवाओं के विविध और विशिष्ट पहचानों तथा अनुभवों का सम्मान किया जाता है और इन्हें महत्व दिया जाता है। |
| **मानक 2:** | बाल सुरक्षा और भलाई संगठनात्मक नेतृत्व, शासन और संस्कृति में अंतर्निहित है। |
| **मानक 3:** | बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में सशक्त बनाया जाता है, वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। |
| **मानक 4:** | परिवारों और समुदायों को बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में सूचित किया जाता है तथा शामिल किया जाता है। |
| **मानक 5:** | नीति और व्यवहार में समानता को बरकरार रखा जाता है और विविध आवश्यकताओं का सम्मान किया जाता है। |
| **मानक 6:** | बच्चों और युवाओं के साथ काम करने वाले लोग व्यवहार में बाल सुरक्षा और भलाई की मान्यताओं को दर्शाने के लिए उपयुक्त और समर्थित हैं। |
| **मानक 7:** | शिकायतों और चिंताओं के लिए प्रक्रियाएँ बाल केंद्रित हैं। |
| **मानक 8:** | स्टाफ और स्वयंसेवक जारी शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं। |
| **मानक 9:** | भौतिक और ऑनलाइन वातावरण बच्चों और युवाओं को नुकसान पहुंचाने के अवसर को कम करते हुए सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं। |
| **मानक 10:** | बाल सुरक्षित मानकों के कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा और इसमें सुधार किया जाता है। |
| **मानक 11:** | नीतियां और प्रक्रियाएँ इस बात को दस्तावेज़ी रूप देती हैं कि संगठन बच्चों और युवाओं के लिए कैसे सुरक्षित है। |

## क्वींसलैंड के बाल सुरक्षा मानक

| | |
|---|---|
| **मानक 1:** | बाल सुरक्षा और भलाई संगठनात्मक नेतृत्व, शासन और संस्कृति में अंतर्निहित है। |
| **मानक 2:** | बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में बताया जाता है, वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। |
| **मानक 3:** | परिवारों और समुदायों को बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में सूचित किया जाता है तथा शामिल किया जाता है। |
| **मानक 4:** | निष्पक्षता को बरकरार रखा जाता है और विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाता है। |

| | |
|---|---|
| **मानक 5:** | बच्चों और युवाओं के साथ काम करने वाले लोग व्यवहार में बाल सुरक्षा और भलाई की मान्यताओं को दर्शाने के लिए उपयुक्त और समर्थित हैं। |
| **मानक 6:** | बाल दुर्व्यवहार की शिकायतों पर प्रतिक्रिया करने वाली प्रक्रियाएँ बाल केंद्रित हैं। |
| **मानक 7:** | स्टाफ और स्वयंसेवक जारी शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं। |
| **मानक 8:** | भौतिक और ऑनलाइन वातावरण बच्चों और युवाओं को नुकसान पहुंचाने के अवसर को कम करते हुए सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं। |
| **मानक 9:** | बाल सुरक्षित मानकों के कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा और इसमें सुधार किया जाता है। |
| **मानक 10:** | नीतियां और प्रक्रियाएँ इस बात को दस्तावेज़ी रूप देती हैं कि संगठन बच्चों और युवाओं के लिए कैसे सुरक्षित है। |

## ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र बाल सुरक्षा मानक

| | |
|---|---|
| **मानक 1:** | बाल सुरक्षा और भलाई संगठनात्मक नेतृत्व, शासन और संस्कृति में अंतर्निहित है। |
| **मानक 2:** | बच्चों और युवाओं को उनके अधिकारों के बारे में सूचित किया जाता है, वे उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों में भाग लेते हैं और उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। |
| **मानक 3:** | परिवारों और समुदायों को बाल सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देने में सूचित किया जाता है तथा शामिल किया जाता है। |
| **मानक 4:** | समानता (इक्विटी) को बनाए रखा जाता है और नीति और व्यवहार में विविध आवश्यकताओं का सम्मान किया जाता है। |
| **मानक 5:** | बच्चों और युवाओं के साथ काम करने वाले लोग व्यवहार में बाल सुरक्षा और भलाई की मान्यताओं को दर्शाने के लिए उपयुक्त और समर्थित हैं। |
| **मानक 6:** | शिकायतों और चिंताओं का जवाब देने की प्रक्रियाएं बाल केंद्रित हैं। |
| **मानक 7:** | स्टाफ और स्वयंसेवक जारी शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों और युवाओं को सुरक्षित रखने के लिए ज्ञान, कौशल और जागरूकता से लैस हैं। |
| **मानक 8:** | भौतिक और ऑनलाइन वातावरण बच्चों और युवाओं को नुकसान पहुंचाने के अवसर को कम करते हुए सुरक्षा और भलाई को बढ़ावा देते हैं। |
| **मानक 9:** | किसी संगठन द्वारा बाल सुरक्षा मानकों के कार्यान्वयन की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है और इसमें सुधार किया जाता है। |
| **मानक 10:** | संगठन की नीतियाँ और प्रक्रियाएँ इस बात को दस्तावेजी रूप देती हैं कि संगठन बच्चों और युवाओं के लिए कैसे सुरक्षित है। |